संख्या-63/2018/2389/33-3-2018-121/2018

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3- निदेशक, पंचायतीराज/मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।
4- समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उ0प्र0।
5- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांक 20 जुलाई, 2018**

विषय- आगामी मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा के मार्गों में साफ-सफाई एवं व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 28 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में परंपरागत ढंग से आयोजित होगी। कांवड़ यात्रा के मार्गों मे श्रद्धालुओं/यात्रियों को आवश्यक सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराया जाना अतिआवश्यक है। अत: कांवड यात्रा के मार्ग पर निम्नानुसार कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाय:-

1- मार्ग एवं मंदिरों के आस-पास व्यापक साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस सम्बन्ध में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाय।

2- मार्ग पर पेयजल व्यवस्था के दृष्टिगत सभी हैण्डपंप सुचारू रूप से क्रियाशील रखा जाय।

3- मार्ग पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाय।

कृपया उपरोक्त का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक:- तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
3. प्रधान निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
विशेष सचिव।

http://shashadeshup.nic.in